# कलेक्टर-एसपी ने सड़क, यातायात एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

## राहत कैंप छत्रगढ़कला का किया निरीक्षण, खराब सड़क की मरम्मत और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 25 अगस्त, कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने नईगढ़ी क्षेत्र का भ्रमण कर सड़क, यातायात एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का मौके पर निरीक्षण किया. अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर वर्षा के कारण उत्पन्न परिस्थितियों तथा आमजन की आवागमन संबंधी सुविधाओं का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खराब एवं क्षतिग्रस्त सड़क की स्थिति को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए. भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने राहत कैंप छत्रगढ़कला का भी निरीक्षण किया. उन्होंने कैंप में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा प्रभावित नागरिकों के लिए भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राहत कैंप में रह रहे लोगों की आवश्यकताओं का संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए. उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएं.

कलेक्टर ने क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी जलभराव की स्थिति बन रही है, वहां तत्काल पानी की निकासी कराई जाए. नालियों एवं जल निकासी मार्गों में अवरोध को हटाकर वर्षा के पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

कलेक्टर ने कहा कि वर्षा एवं जलभराव की परिस्थितियों में आमजन की सुरक्षा, सुगम आवागमन और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. किसी तरह की लापरवाही न करें, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने तथा आवश्यकता के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान सीईओ नईगढ़ी ऊषा किरण गुप्ता, तहसीलदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे.



# प्रत्येक बाढ़ प्रभावित को मिलेगा मुआवजा : सिद्धार्थ

**नवभारत न्यूज**
**त्योंथर, 25 अगस्त, विधायक सिद्धार्थ तिवारी त्योंथर क्षेत्र में आई बाढ़ के बाद लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं.**

उन्होंने मंगलवार को भी एसडीएम, तहसीलदार एवं सीईओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रेरुआपुर्वा, गड़रपुर्वा, बहरइचा, सोनौरी इत्यादि ग्रामों में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से सीधे मिलकर हर संभव मदद की बात कही तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुए नुकसान का स्वयं जायजा लिया. विधायक ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बरीकी से त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में उत्पन्न बाढ़ की गंभीर परिस्थितियों से अवगत कराया है. मुख्यमंत्री स्वयं भी विधानसभा क्षेत्र की स्थिति पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं. प्रशासन पूरी तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में जुटा है. राहत शिविरों में प्रभावित परिवारों के लिए खाद्यान्न एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है. विधायक ने कहा कि इस भयावह प्राकृतिक आपदा से पूरा क्षेत्र प्रभावित हुआ है. श्री तिवारी ने कहा कि प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार को मुआवजा दिलाया दिया जाएगा. प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन को पुनः पटरी पर लाने के लिए राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी. विधायक द्वारा आवश्यकता के अनुसार प्रभावित परिवारों को तिरपाल सहित अन्य राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है.

# आर्थिक आधार पर दिया जाए आरक्षण

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 25 अगस्त, जिले की गुढ़ विधानसभा में आरक्षण व्यवस्था को लेकर सवर्ण समाज की आवाज एक बार फिर मुखर होती दिखाई दे रही है. समाज के लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में आरक्षण की व्यवस्था पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की आवश्यकता है.**

उनका मानना है कि आज देश में कई ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं, लेकिन केवल जातिगत आधार पर उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता. वहीं दूसरी ओर आर्थिक रूप से संपन्न परिवार भी आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे हैं. ऐसे में आरक्षण का आधार आर्थिक स्थिति होना चाहिए, ताकि वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं और अवसरों का लाभ पहुंच सके. गुढ़ क्षेत्र में सवर्ण समाज द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के दौरान लोगों ने मांग उठाई है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार आरक्षण व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करे और समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए व्यापक संवाद शुरू करे. समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी भी वर्ग या समुदाय का विरोध करना नहीं है, बल्कि देश के प्रत्येक आर्थिक रूप से कमजोर नागरिक को समान अवसर उपलब्ध कराना है. जब कठिनाइयां सभी वर्गों में मौजूद हैं, तो सहायता और अवसर भी आर्थिक स्थिति के आधार पर दिए जाने चाहिए. सवर्ण समाज के लोगों ने गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक नेताओं और सामाजिक संगठनों से भी अपील की है कि वे इस विषय पर अपना मत दें.

# विकासखंड सिरमौर अन्तर्गत रसोईया व्यंजन प्रतियोगिता हुई



**नवभारत न्यूज**
**सिरमौर, 25 अगस्त, विकास खंड सिरमौर अन्तर्गत रसोईया व्यंजन प्रतियोगिता जनपद पंचायत सिरमौर के मंगल भवन के सभागार में आयोजित की गई.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की अभिषेक त्रिपाठी जनपद पंचायत सिरमौर सदस्य रहें. जबकि अध्यक्षता बीआरसी बृजेंद्र गौतम ने की. वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रांतीय मुख्य महासचिव बीरेंद्र प्रसाद मिश्र रहे. श्री गौतम ने बताया कि आज मध्य प्रदेश सरकार के मनसा के अनुसार समूहों के रसोईयों के व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं.

जिसमे लक्ष्मीबाई स्वसहायता समूह राजगढ़बड़ा मुगौरा दाल फुलाव, कड़ी खीर पापड़ सलाद निर्मला किचन समूह बजरहा टोला, निर्मला किचन कन्या शाला, जनहित समूह दुलहरा शारदा समूह पल्हआन आदि कई समूहों की रसोईयों की प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मीबाई स्वसहायता समूह राजगढ़ जिसे 5000 रुपए पुरस्कार दिया गया.

दूसरा को 3000 तीसरे को 2000 प्रतियोगियों को दिया गया. इस अवसर पर सीईओ प्रतिनिधि रामावतार सतनामी सुषमा सिंह सचिव सिद्धार्थ मिश्रा, अजय कुमार सोनी आदि शशि पांडेय प्रेमलाल दाहिया मौजूद रहे.

# जगदीश प्रसाद का निधन



चाकघाट, 25 अगस्त, नगर परिषद चाकघाट के वार्ड क्र. 7 निवासी रामलीला एवं धर्मातदा धर्मदा कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक केशरवानी के पिता जगदीश प्रसाद केसरवानी (चंगेज) का 24 अगस्त को निधन हो गया है. निधन की खबर से नगर से समस्त व्यापारियों एवं उनके रिश्तेदारों व शुभचिंतकों में शोक की लहर व्याप्त हो गई. दिवंगत जगदीश प्रसाद का दाह संस्कार प्रयागराज के पावन गंगा तट में किया गया. अभिषेक के अलावा उनके दो पुत्र अखिलेश (विक्की ) एवं अरविंद केसरवानी भी हैं. चंगेज जी के शव यात्रा में नगर के अनेकों गणमान्य व उनके रिश्तेदारों ने इस अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी. चाकघाट व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी ने भी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से परिवार को अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें.



# सड़क निर्माण में लगाया किराना दुकान का बिल

## शासकीय राशि के गबन और अनियमितता का गंभीर मामला आया सामने

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 25 अगस्त, जिले के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इटार पहाड़ में विकास और निर्माण कार्यों के नाम पर शासकीय राशि के गबन और अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है.**

ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव पर मिलीभगत कर सड़क निर्माण कार्य के नाम पर फर्जी बिल लगाकर सरकारी धन आहरण करने का आरोप लगा है. इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब गांव के जागरूक नागरिकों ने मध्य प्रदेश शासन के पंचायत दर्पण पोर्टल पर पंचायत के विकास कार्यों का ब्यौरा देखा. पोर्टल पर दर्ज जानकारी खंगालते ही ग्रामीण हैरान रह गए क्योंकि सड़क निर्माण कार्य के भुगतान मद में रतन किराना स्टोर का बिल संलग्न किया गया था.

सड़क निर्माण जैसे भौतिक अधोसंरचना कार्य में निर्माण सामग्री की जगह किराना दुकान के बिल से भुगतान दर्शाया जाना पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है. गांव की आम जनता का कहना है कि यह फर्जीवाड़ा महज एक बानगी भर है.

यदि पंचायत दर्पण पोर्टल में दर्ज अन्य विकास एवं निर्माण कार्यों के बिल वाउचरों की निष्पक्ष जांच की जाए तो कई अन्य निर्माण कार्यों में भी इसी प्रकार के फर्जी भुगतान और बड़े खुलासे हो सकते हैं. इस घटनाक्रम के उजागर होने के बाद से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है.

# त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं : संजय

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 25 अगस्त, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में आगामी दिनों में मनाए जाने वाले त्योहार ईद मिलाद उन नबी, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी तथा गणेश उत्सव के शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने हेतु शांति समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से विचार विमर्श किया गया. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्युत मंडल एवं नगर पालिका संयुक्त रूप से नगर का भ्रमण कर सुधारने योग्य ट्रांसफार्मर, विद्युत लाईन का कार्य अविलंब प्रारंभ कर दें ताकि प्रकाश व्यवस्था निरंतर रूप से जारी रहें. ईद मिलाद उन नबी के 26 अगस्त के आयोजन में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए. इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया. उन्होने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए. बैठक में बताया गया कि कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 4 सितंबर को मनाया जाएगा.

इस अवसर पर दर्शन स्थल में श्रध्दालुओ की संख्या को देखते हुए वाहनो के आवागमन को न्यूनतम किया जाए. प्रमुख मार्गों से आने वाली बसो के लिए लगभग एक किमी दूर स्थित खुले स्थान में पार्किंग व्यवस्था किया जाए. 14 सितंबर से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले गणेश उत्सव में मूर्तियों के लिए स्थापित होने वाले पंडाल के लिए पूर्व से अनुमति लेना आवश्यक होगा. मूर्ति स्थल का निर्धारण ऐसे स्थान पर किया जाए जहां से हाईटेंशन बिजली के तार न निकल रहे हो. बैठक में अपर कलेक्टर पीके पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम, एसडीएम मौजूद रहे.

# जनसुनवाई में 29 आवेदनों पर कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

**नवभारतन्यूज**
**मऊगंज, 25 अगस्त, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं.**

जनसुनवाई में कुल 29 आवेदनों पर सुनवाई की गई. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराएं. जनसुनवाई में ग्राम पिपराही, निवासी हेसराज सिंह गोंड ने राजस्व अभिलेख में पिता के नाम में सुधार से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया. कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारी को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए. इसी प्रकार ग्राम पंचायत करहिया क्षेत्र की निवासी मुन्नी कुशवाहा ने वर्षा के दौरान घर में पानी भरने की समस्या से अवगत कराया. इसी तरह अन्य शिकायतकर्ता जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंचे.

# नईगढ़ी में योजनाओं की समीक्षा, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 25 अगस्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत नईगढ़ी में सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली.**



बैठक में सीएम हेल्पलाइन, वृक्षारोपण, जल गंगा संवर्धन अभियान, श्रमिक नियोजन, प्रधानमंत्री आवास, डब्ल्यूओडब्ल्यू, ओएसआर, कर वसूली, पंचायत एवं निर्माणाधीन भवन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. कम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं पीसीओ के विरुद्ध नोटिस, वेतन कटौती एवं निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए गए. ग्राम पंचायत दूबी में तृतीय किस्त मिलने के बावजूद 13 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नहीं होने पर सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. जुड़मनिया मुरली में प्रधानमंत्री आवास, परिवार पंजीयन एवं टैक्स वसूली में शून्य प्रगति पर सचिव के निलंबन का प्रस्ताव तथा ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई के निर्देश दिए गए. बदौआ, पथरौड़ाकला एवं कशियारगांव में भी कम प्रगति पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए.

बैठक में अनुपस्थित पाए गए देवरी सेगरान, बंधवा भाईवाट एवं तेंदुआ के सचिवों के निलंबन प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए. उपयंत्रियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

# बीएमओ पद से डॉ . नीरज चतुर्वेदी को हटाया गया

**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट, 25 अगस्त, सिविल अस्पताल त्योंथर में पदस्थ सर्जरी विषेशज्ञ डॉ. चरण सिंह को त्योंथर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है.**

इसके पूर्व बीएमओ पद पर पदस्थ डॉ. नीरज चतुर्वेदी को इस पद से हटा दिया गया है. डॉ. नीरज चतुर्वेदी जो की चाकघाट में पदस्थ थे और विकासखंड क्षेत्र के अनेक डॉक्टर से जूनियर थे, उन्हे अनुचित तरीके से नियमों के विरुद्ध त्योंथर क्षेत्र का विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बनाया गया था. उसके एवं अन्य 4 के विरुद्ध उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दादर होने पर उन्हें सीएमओ के पद हेतु योग्य नहीं पाया गया और उन्हें बीएमओ पद से हटाने का आदेश दिया गया. ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश शासन चिकित्सा विभाग द्वारा पूर्व में पदस्य किये गए डॉ. एस.डी. कोल को मऊगंज बीएमओ पद से मुक्त करके पुन: बीएमओ त्योंथर पद पर नियुक्ति का आदेश दिया गया है.

# 84 कोस कांवड़ यात्रा के समापन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 25 अगस्त, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के नेतृत्व में सावन महीने के प्रथम सोमवार से कांवड़ यात्रा लेकर जिले के प्रसिद्ध देवतालाब मंदिर में प्रथम जलाभिषेक के साथ प्रारंभ हुई 84 कोस कावड़ यात्रा का समापन अंतिम सोमवार को हुआ.**

हनुमना के उत्तर प्रदेश बॉर्डर से लगे अमिलेश्वर नाथ महादेव मंदिर से चलकर प्रसिद्ध हाटेश्वर नाथ हाटा में हजारों श्रद्धालुओं के साथ जलाभिषेक कर जहां 84 कोश कावड़ यात्रा का समापन महोत्सव संपन्न हुआ. वहीं इस यात्रा के दौरान उमड़े जन सैलाब के साथ दलगत राजनीति से ऊंचे उठकर भाजपा के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया. इस दौरान जहां यात्रा के साथ भाजपा की पूर्व नगर परिषद हनुमना अध्यक्ष श्रीमती पूनम गुप्ता तथा नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता भी साथ-साथ चलते दिखे वही एक कदम और आगे बढ़कर बताया जाता है कि सोनू आशुतोष गुप्ता ने अपने मकान के सामने सुखेंद्र सिंह बन्ना का माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं सांसद प्रतिनिधि रहे राजेश गुप्ता ने भी पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर श्री बन्ना का अद्भुत स्वागत करते हुए अपनी आस्था व श्रद्धा का प्रकटीकारण किया.

कावड़ यात्रा हाटेश्वरनाथ मंदिर परिसर पहुंची मंदिर के बाहर हजारों का जन सैलाब सुमधुर भजनों की थाप पर घंटो नाचते गाते तक नहीं रहे थे वही गांव बोल बम कांवरिया संघ हनुमना द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का प्रसाद लेने की होड़ सी मची रही स्वयं सुखेंद्र सिंह बन्ना अपने हाथों से लोगों को भंडारे का प्रसाद घंटो वितरित करते नजर आए. वहीं मीडिया द्वारा यह पूछे जाने पर की अभी तक ब्रज चौरासी कोस की यात्रा देश में हुआ करती थी लेकिन आपने पहली बार मऊगंज जिले में 84 कोस की यात्रा का शुभारंभ किया है जिसका आज समापन पर हजारों हजार का जन सैलाब हमारा हुआ है यह विचार कहां से आया के जवाब में श्री बन्ना ने कहा कि निश्चित यहां 84 क्षेत्र जहां है वहीं पर इस जिले की जिले की सुख समृद्धि एवं अवर्षा की स्थिति को देखतेहुए क्षेत्र की खुशहाली के लिए मैंने यह संकल्प जैसे ही लिया आप सबने देखा कि 84 कोस की कांवड़ यात्रा के शुभारंभ होते हुए झमाझम बारिश होना प्रारंभ हो गई.

# दुकानदार पर जानलेवा हमला

## सिगरेट का पैसा मांगने पर हुआ विवाद

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 25 अगस्त, शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं की वह किसी पर भी जानलेवा हमला कर देते है.**

ताजा मामला शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीटीएल चौराहे का है जहा सिगरेट के पैसे मांगने पर कुछ बदमाशों ने एक दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया. बदमाशों ने दुकानदार को दुकान से बाहर खींचकर लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया. फिलहाल वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए.दरअसल चोरहटा क्षेत्र के बीटीएल चौराहे पर संतोष पयासी की किराना व सिगरेट की दुकान है. रोज की तरह वह रात में अपनी दुकान पर मौजूद थे. इसी दौरान रात करीब 10 से 11 बजे के बीच कुछ असामाजिक तत्व उनकी दुकान पर पहुंचे. उन्होंने संतोष से सिगरेट ली और जब दुकानदार संतोष पयासी ने उनसे पैसे मांगे, तो बदमाश भड़क गए. बदमाशों ने गुस्से में चिल्लाते हुए कहा हमारा पैसा कहीं नहीं लगता, बल्कि हमें तो उल्टा लोग गुंडा टैक्स देते हैं इसके बाद उन्होंने विवाद शुरू कर दिया. विवाद इतना बढ़ा कि बदमाशों ने संतोष पयासी को जबरन दुकान से बाहर खींच लिया. इसके बाद उन पर लोहे की भारी रॉड और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया.

बदमाशों ने सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई और फरार हो गये. घायल को परिजन संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहा उपचार चल रहा है. लेकिन अभी तक आरोपी नही पकड़े गये है.